यूपी में निवेश को सिंगापुर तैयार

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

सिंगापुर नोएडा में डाटा सेंटर पार्क, कानपुर में एग्रो पार्क व वाराणसी में स्किल सेंटर के क्षेत्र में निवेश करने को तैयार हैं। इसीलिए सिंगापुर की दो कंपनियां नोएडा में डाटा सेंटर में निवेश करना चाहती हैं। इन कंपनियों ने परियोजना के लिए जमीन मांगी है।

भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वांग वी कुन ने औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना से गुरुवार को मुलाकात में यह बात कही।

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि सरकार निवेशकों को हर प्रकार की सहूलियत एवं सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। जिसके कारण सिंगापुर समेत कई देशों से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना से गुरुवार को सिंगापुर के उच्चायुक्त ने भेंट की।

निवेशकों को आकर्षित करने में सफल: तिवारी

सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के कारण दुनिया भर के निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हो रहा है। प्रदेश में नये-नये एक्सप्रेस इस तरह से विकसित किये जा रहा है। कुशीनगर में एक इण्टरनेशनल एयरपोर्ट बनकर तैयार है, इससे देश-विदेश में रह रहे बौद्ध अनुयायियों को आवागमन में सुविधा होगी। प्रदेश में अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट एवं कानपुर में डिफेन्स कॉरीडोर विकसित किया जा रहा है।